# भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलूरु संकुल
# Bharat Electronics Limited, Bengaluru Complex

विज्ञापन संख्या/Advertisement No: 6050/HR (SC&US)/PE/2026
विज्ञापन जारी करने की तिथि /Date of Release of Advertisement: 27/05/2026
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि/Last Date of Receipt of Application: 16/06/2026

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, रक्षा मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी तथा भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को अपने रणनीतिक संचार एसबीयू, बेंगलूरु संकुल के लिए ***अस्थाई आधार पर*** निम्नलिखित कार्मिकों की आवश्यकता है।

Bharat Electronics Limited, a Navratna Company and India's Premier Professional Electronics Company under the Ministry of Defence, requires the following personnel on ***temporary basis*** for its Strategic Communication SBU, Bengaluru Unit.

| पद<br>Posts | दिनांक 01.05.2026 को ऊपरी आयु सीमा<br>Upper age limit as on 01.05.2026 | पदों की संख्या<br>No. of Posts | पदों का आरक्षण<br>Reservation of posts | दिनांक 01. 05.2026 को ऊपरी आयु सीमा<br>Minimum post qualification Experience as on 01.05.2026 | समेकित पारिश्रमिक (प्रति माह) (रु.)<br>Consolidated Remuneration (per month) (Rs.) | तैनाती स्थल<br>Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|
| परियोजना अभियंता (पीई)-I<br>Project Engineer (PE)-I | 32 वर्ष<br>32 Years | इलेक्ट्रॉनिक्स-4<br>Electronics-4 | अनारक्षित-1<br>ईडब्ल्यूएस-1<br>अ.पि.व.-1<br>अ. ज.जा.-<br>UR-1<br>EWS-1<br>OBC(NCL)-1<br>ST-1 | 2 वर्ष<br>2 years | प्रथम वर्ष- 40,000/-<br>द्वितीय वर्ष- 45,000/-<br>तृतीय वर्ष- 50,000/-<br>1st Year: 40,000/-<br>2nd Year: 45,000/-<br>3rd Year: 50,000/- | जखाउ, कच्छ (जिला), गुजरात-1<br>Jakhau, Kutch(Dist), Gujarat-1<br><br>मुरुद जंजीरा, रायगढ़ (जिला), महाराष्ट्र-1<br>Murud Janjira, Raigad(Dist), Maharashtra-1<br><br>मंडपम, रामनाथपुरम (जिला), तमिलनाडु-1<br>Mandapam, Ramanathapuram(Dist), Tamil Nadu-1<br><br>गोपालपुर, गंजम (जिला) ओडिशा-1<br>Gopalpur, Ganjam(Dist),Odisha-1 |

* नोट/ Note:

- अनुसूचीथ जाति/अनुसूचीथ जनजाति / बैंचमार्क अक्षम व्यक्तियों (पीडबल्यूबीडी) के लिए सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार पदों में आरक्षण होगा।

Reservation of posts for SC/ST/person with benchmark disabilities (PwBD) is as per the Government guidelines.

- पद के लिए आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी व्यापक रुप से देश भर में यात्रा करने के लिए इच्छुक रहने चाहिए।
  Candidates who are desirous of applying for the post should be willing to travel extensively across the country.

1) **अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा / The upper age limit for candidates:**

- ऊपर उल्लिखित अधिकतम आयु सीमा सामान्य और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए है।
  The upper age limit mentioned above is for General and EWS candidates.
- विभिन्न वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट इस प्रकार है -
  Relaxation of Upper Age Limit for various categories is as follows:

| वर्ग Category | आयु में छूट Age Relaxation |
|---|---|
| अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) Other Backward Classes (Non Creamy Layer) | 3 वर्ष 3 Years |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति Scheduled Caste/ Scheduled Tribe | 5 वर्ष 5 Years |
| न्युनतम 40% अक्षमता के बैंचमार्क के अनुसार अक्षम व्यक्ति / Persons with Benchmark Disability having minimum 40% disability | 10 वर्ष 10 Years |

- आयु में छूट के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी तथा सत्यापन की प्रक्रिया के किसी भी अनुवर्ती चरण में मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
  Candidates seeking age relaxation will be required to attach copy of necessary certificate(s) along with application and produce/submit original at any subsequent stage of the process for verification.
- प्रमाण-पत्र बीईएल की वेबसाइट (https://bel-india.in) पर उपलब्ध प्रारूप में सख्त रूप से होना चाहिए, अन्यथा, उम्मीदवारों को 'सामान्य' श्रेणी के तहत माना जाएगा, बशर्ते कि वे सामान्य उम्मीदवारों के लिए निर्धारित अन्य सभी मानदंडों को पूरा करते हों।
  Certificate should be strictly in the format available on the BEL website (https://bel-india.in) failing which, candidates will be considered under ‘General’ category, provided they are otherwise meeting all other criteria stipulated for General Candidates.

2) **नियुक्ति की शर्तें तथा पारिश्रमिक / Terms of Engagement & Remuneration:**

***परियोजना अभियंताओं*** की प्रारंभिक नियुक्ति **तीन** वर्षो की अवधि के लिए होगी जो परियोजना की आवश्यकता तथा व्यक्तिगत निष्पादन के आधार पर अधिकतम चार वर्षों (प्रारंभिक अवधि सम्मिलित) तक बढाया जा सकता है। अभ्यर्थियों को प्रथम वर्ष के लिए रु. 40,000/- प्रति माह, द्वितीय वर्ष के लिए रु. 45,000/-, तृतीय वर्ष के लिए रु. 50,000/- और चतुर्थ वर्ष के लिए रु. 55,000/- का समेकित पारिश्रमिक अदा किया जाएगा।

***Project Engineers*** will be engaged initially for a period of **THREE** years which may be extended upto a maximum of Four years (including initial period) based on Project requirement and individual’s performance. Candidates will be paid a consolidated remuneration of Rs. 40,000/- per month for the 1st year, Rs. 45,000/- for 2nd year, Rs. 50,000/- for 3rd year and Rs. 55,000/- for 4th year.

उपर्युक्त पारिश्रमिक के अलावा, बीमा प्रीमियम, पोशाक भत्ता, सिलाई शुल्क, फुटवेयर भत्ता आदि जैसे खर्चों के लिए रु. 12,000/- प्रति वर्ष की समेकित राशि का भुगतान किया जाएगा। अतिरिक्त राशि का भुगतान दो समान किस्तों में किया जाएगा यानी पहला किस्त का भुगतान कार्य ग्रहण करने के बाद प्रथम माह के वेतन में किया जाएगा और दूसरा किस्त का भुगतान कार्य ग्रहण करने की तारीख से 6 महीने पूरे होने पर किया जाएगा। पीई के लिए चयनित अभ्यर्थियों को रु.2 लाख प्रति वर्ष का चिकित्सा बीमा कवर और रु.5 लाख प्रति वर्ष का जीवन बीमा कवर करवाना आवश्यक है और इसे कार्यग्रहण के समय प्रस्तुत करना है |

In addition to the remuneration indicated above, a consolidated amount of Rs. 12,000/- per year will be paid towards expenses like insurance premium, attire allowance, stitching charges, footwear allowance etc. The additional amount shall be paid in two equal instalments i.e., first instalment to be processed in the first month's salary after joining and the second instalment will be paid on completion of 6 months from the date of joining.
PE selected candidates are required to obtain a Medical Insurance cover for a sum of Rs. 2 lakhs per annum and Rs. 5 lakhs per annum for Life Cover Insurance and the same should be submitted at the time of joining.
पीई/ के लिए चयनित अभ्यर्थियां जो परिचलन आदेश पर हैं, वे कंपनी के यात्रा भत्ता नियमों के अनुसार टीए/डीए, होटल आवास के लिए पात्र होंगे। पीई के लिए चयनित अभ्यर्थी बेंगलूरु संकुल में लागू स्थानीय परिवहन (केवल आधिकारिक ड्यूटी के लिए) के लिए हकदार होंगे। पीई चयनित अभ्यर्थी जो बेंगलूरु संकुल से बाहर तैनात हैं उन्हें समेकित पारिश्रमिक के 10% की दर से मासिक आधार पर क्षेत्र भत्ता दिया जाएगा। परियोजना अभियंता के लिए दोपहर के भोजन का भत्ता रु. 150/- प्रति दिन की दर से अदा किया जाएगा, जो सामान्य दोपहर के भोजन के अंतराल/समय सहित अपनी संबंधित शिफ्ट के दौरान, 3 घंटे या उससे अधिक समय के लिए कारखाना परिसर के बाहर कंपनी के कार्य पर नियुक्त हैं। परियोजना अभियंता जो बीईएल की यूनिट/कार्यालय स्थानों के बाहर तैनात हैं और जिन्हे क्षेत्र भत्ते का भुगतान किया जा रहा है, वे भोजन भत्ते के हकदार नहीं होंगे।
PE selected candidates who are on Movement Order will be eligible for TA/DA, Hotel accommodation as per the Travelling Allowance Rules of the Company. PE selected candidates will be entitled for Local Conveyance (only for official duty) as applicable to the Bengaluru Unit. PE selected candidates who are posted outside the Bengaluru Unit will be paid Area allowance on monthly basis at the rate of 10% of the consolidated remuneration. Lunch allowance will be paid at the rate of Rs. 150/- per day for the Project Engineers selected candidates who are detailed on Company's work outside the factory premises for 3 hours or more, during their respective shifts including normal lunch break / time. Project Engineers who are posted outside the Unit / Office locations of BEL and being paid Area Allowance will not be entitled for Lunch Allowance.

***नोट / Note***:

अभ्यर्थी जो परियोजना अभियंता-I के रूप में कार्य ग्रहण करते हैं और 4 वर्षों की समग्र अवधि पूरा करते हैं वे प्रत्येक पूर्ण वर्ष पर रु.25000/- या नियमों में निर्धारित ऐसे बोनस के लिए प्रतिधारण बोनस के हकदार होंगे। बहरहाल, प्रतिधारण बोनस 4 वर्षों यानी अंत में रु. 1,00,000/- का देय होगा।
Candidates who join as Project Engineer – I and complete an overall tenure of 4 years will be entitled for Retention Bonus of Rs. 25000/- for every completed year or such bonus as is prescribed in the rules. However, the retention bonus will be payable at the end of 4 years i.e. Rs.1,00,000/-.

### 3) **कार्य स्वरुप Job Profile:**

• स्थल में ग्राहक के साथ और ग्राहक समर्थन (रणनीतिक संचार एसबीयू, बेंगलूरु) के साथ घनिष्ठ संपर्क मे रहकर काम करना।
Work in close liaison with Customer at site and Customer Support (Strategic Communication SBU, Bengaluru)

• वस्तुओं में त्रुटियों की पहचान कर उनका विश्लेषण कर उन्हे ठीक करना और निवारणात्मक अनुरक्षण कार्यों के निष्पादन के लिए कार्य स्थल पर सहयोग करना।
On-site support for identification of unserviceabilities, fault analysis, rectification of unserviceabilities and execution of preventive maintenance activities

• लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करना।
Providing logistic support

• ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुसार अभ्यास एवं सिस्टम की तैनाती के दौरान मोबाइल संचार प्रणाली के साथ जाना।
Accompany the mobile communication system during trials & deployment as per customer requirements

• त्रुटियों के समाधान के लिए कार्य स्थल पर पुर्जों के अनुरक्षण , उनका संचालन एवं पुर्जों की स्थिति के बारे में आवधिक अद्यतन ।
Maintenance, movement of spares at sites for fault resolution and periodic updating of spares status

• कार्य स्थल पर उचित दस्तावेजीकरण और रेकॉर्ड बनाए रखना ।
To ensure proper documentation and records at sites.

• ग्राहक और ओईएमएस/सेवा प्रदाता के बीच समन्वय रखना।
Coordination between Customer and OEMs/service providers

### 4) **परियोजना/प्रशिक्षु अभियंताओं के लिए योग्यता / Qualification for Project/Trainee Engineers:**

4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक./बी.एससी. (4 वर्षीय पाठ्यक्रम) के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से निम्नलिखित इंजीनियरिंग विषय में उत्तीर्ण श्रेणी -
4 Years B.E./ B.Tech/ B.Sc Engineering (4-year course) with Pass Class from a recognized University/Institution in the following Engineering discipline

इलेक्ट्रॉनिक्स: इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार/इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार/संचार/दूरसंचार
Electronics: Electronics/Electronics & Communication/ Electronics & Telecommunication/ Communication/Telecommunication.

किसी अन्य इंजीनियरिंग विषय के अभ्यर्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है और उस पर विचार नहीं किया जाएगा।
Candidates from any other Engineering disciplines need not apply and will not be considered.

### 5) **परियोजना अभियंता के लिए अर्हतोत्तर अनुभव - Post Qualification Experience for Project Engineer:**

न्यूनतम 2 वर्षों का संगत अर्हतोत्तर अनुभव की आवश्यकता है। शिक्षण/अकादमिक/इंटर्नशिप प्रशिक्षण/अनुसंधान कार्य को संगत अर्हतोत्तर औद्योगिक अनुभव नहीं माना जाएगा, बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों, गैर-लाभकारी संगठनों में अनुभव और इंटर्नशिप प्लेसमेंट जो शैक्षणिक पाठ्यक्रम का एक हिस्सा हैं को अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा। बीई/बी. टेक/बी. एससी इंजीनियरिंग को पूरा करने से पहले प्राप्त कार्य अनुभव भी योग्यता के बाद के अनुभव के रूप में योग्य नहीं माना जाएगा। केवल औद्योगिक अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन करें। अनुभव की संगतता के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

Minimum 2 years of relevant post qualification experience is required. Teaching/Academic/ /Internship Training/Research work will not be considered as relevant post qualification industrial experience, experience in Banking and Financial Institutions, Non-Profit Organisations and internship placements which are a part of academic curriculum will not be considered as experience. Work experience prior to completion of BE/B.Tech/B.Sc Engg., will also not qualify as post qualification experience. Candidates possessing Industrial experience only need to apply. The decision of the Selection Committee, with respect to relevance of experience will be final.

## 6) चयन प्रक्रिया / Selection Procedure:

लिखित परीक्षा के बाद केवल लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। 85% अंक लिखित परीक्षा के लिए और 15% अंक साक्षात्कार के लिए आबंटित किए जाएंगे। श्रेणी-वार सूची तैयार की जाएगी और प्रत्येक श्रेणी में, लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर 1:5 के अनुपात में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। बीईएल वेबसाइट पर लिखित परीक्षा/साक्षात्कार और अंतिम चयन के लिए अल्पसूचित किए गए अभ्यर्थियों के नाम सूचित किए जाएंगे। कृपया नोट करें कि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर केवल ईमेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। लिखित परीक्षा/साक्षात्कार नवी मुंबई और चेन्नई में आयोजित किया जाएगा।

Selection will be through a written test followed by interview of only those Candidates who qualify in the written test. 85% Marks will be allotted for the written test and 15% Marks for the interview. A category-wise list will be drawn and in each category, candidates in the ratio of 1:5 based on the performance in the written test shall be called for the Interview. The names of candidates shortlisted for Written Test/Interviews and final selections will be notified on BEL website. Please note that Written Test/Interview call letters will be sent through email only. **The Written Test /Interview will be conducted in Navi Mumbai and Chennai.**

## 7) आवेदन की प्रक्रिया / Procedure for applying:

हमारी वेबसाइट *www.bel-india.in* पर "करियर"-जॉब नोटिफिकेशन पर क्लिक करें जिसमें आवेदन डाउनलोड करने के लिए लिंक उपलब्ध किया गया है। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक विवरण भरने होंगे और निर्धारित प्रारूप में आवश्यक अनुलग्नकों के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

Go to our website *www.bel-india.in*, click on, "Careers"– Job Notifications wherein a link has been provided to download the application. The candidates have to fill in all the required details and submit the application with the required enclosures in the prescribed format.

अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में सभी जानकारियों को सही ढंग से दर्ज करना होगा और प्रस्तुत करने से पहले उसे जांच करनी होगी क्योंकि आवेदन प्रस्तुत करने के बाद परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। पद के लिए आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करता है।

Candidates are required to enter all the information correctly in the application form and verify the same before submission as changes shall not be permitted after submission of the application form. Before applying for the post, the candidate should ensure that he/ she fulfils the eligibility criteria mentioned in the advertisement.

**आवेदन के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज -**

**Documents to be submitted along with the application form:**

i. एसएसएलसी/माध्यमिक प्रमाण-पत्र की स्व-सत्यापित प्रति (जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में)।
   Self-attested copy of SSLC/Matriculation Certificate (as proof of date of birth).

ii. पीयूसी/12वीं कक्षा/डिप्लोमा/इंटरमीडिएट अंक पत्र की स्व-सत्यापित प्रति।
Self-attested copy of PUC/12th Class/Diploma/Intermediate Marks Card.

iii. बी.ई/बी.टेक/बी. एससी. अभियांत्रिकी डिग्री प्रमाण-पत्र की स्व-सत्यापित प्रति (यथा लागू)
Self-attested copy of B.E/B.Tech/B.Sc Engg. Degree certificate (as applicable).

iv. सभी सेमेस्टर की अंक तालिका/अंतिम समेकित अंक-पत्र की स्व-सत्यापित प्रतिलिपि। सीजीपीए या मूल्यांकन की क्रेडिट प्रणाली के मामले में, अभ्यर्थियों को संबंधित विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार सीजीपीए/क्रेडिट को प्रतिशत में बदलने का फॉर्मूला संलग्न करना होगा।
Self-attested copies of all semester Marks Sheets/self-attested copy of final consolidated marks sheet. In case of CGPA or credits system of assessments, the candidates are required to attach the formula for conversion of CGPA/Credits to percentage in accordance with the respective University norms.

v. जाति/जनजाति/समुदाय/दिव्यांग/आय/आर्थिकस्थिति का प्रमाणपत्र अगर उम्मीदवार अन्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस का हो। उपर्युक्त किसी भी श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप (प्रारूप हमारी वेबसाइट में उपलब्ध है) में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों के पास दिनांक 01.05.2025 या उसके बाद जारी प्रमाण-पत्र होना चाहिए। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के पास वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वैध आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है और उन्हें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आय और संपत्ति के सत्यापन के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए। ईडब्ल्यूएस और सक्षम प्राधिकारी के लिए निर्धारित प्रारूप कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019-Estt (Res) दिनांक 31.01.2019 में दिया गया है।
Caste/Tribe/Community/Disability/Income/ Economic Status certificate in case of candidates belonging to SC/ST/OBC/PwBD/EWS respectively. Candidates claiming reservation under any of the above categories are required to submit the certificate in the prescribed format (formats are available in the link on our website). Candidates belonging to OBC category should possess the certificate issued on or after 01.05.2025. Candidates belonging to EWS category are required to possess the income and asset certificate valid for the financial year 2025-26 and should have been prepared on the basis of income and asset verification for the financial year 2024-25. The prescribed format for EWS and the competent authority have been given in the Department of Personal & Training Office Memorandum No. 36039/1/2019-Estt (Res) dated 31.01.2019.
अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र (नॉन क्रीमी लेयर) और ईडब्ल्यूएस के लिए निम्नलिखित अधिकारियों में से किसीके द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में आय और परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र केवल ओबीसी/ईडब्ल्यूएस से संबंधित अभ्यर्थी के दावे के साक्ष्य के रूप में स्वीकार किए जाएंगे -
Other Backward Class Certificate (Non-Creamy layer) and the Income and Asset Certificate for EWS issued by any one of the following authorities in the prescribed format shall only be accepted as proof of candidate's claim as belonging to OBC / EWS: -

a. जिला दंडाधिकारी / अपर जिला दंडाधिकारी / जिलाधीकारी / उपायुक्त /अपर उपायुक्त / प्रथम श्रेणी वेतनमान दंडाधिकारी / उप-प्रभागीय दंडाधिकारी / तालुका दंडाधिकारी / कार्यपालक दंडाधिकारी / अतिरिक्त सहायक आयुक्त
District Magistrate / Additional District Magistrate / Collector / Deputy Commissioner / Additional Deputy Commissioner / 1st Class Stipendary Magistrate / Sub-Divisional Magistrate / Taluka Magistrate /Executive Magistrate / Extra Assistant Commissioner

b. मुख्य प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी / अपर मुख्य प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी / प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी
Chief Presidency Magistrate/Additional Chief Presidency Magistrate / Presidency Magistrate

c. राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार श्रेणी से कम न हो और
Revenue Officer not below the rank of Tahsildar and

d. अनुमंडल अधिकारी या क्षेत्र जहां अभ्यर्थी और/या उनका परिवार सामान्य रूप से निवास करते हैं।
Sub-Divisional Officer or the area where the candidate and/or his family normally resides.

vi. पिछले नियोक्ता से वर्तमान नियोक्ता तक के अर्हतोत्तर अनुभव प्रमाण-पत्र। अर्हतोत्तर अनुभव के वर्षों की संख्या निर्धारित करने के लिए कार्यग्रहण/नियुक्ति पत्र और कार्यमुक्ति पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न करने की आवश्यकता है। जहाँ वर्तमान नियोजन अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है वहाँ अनुभव के वर्षों की संख्या निर्धारित करने के लिए प्रथम और नवीनतम वेतन पर्ची और कर्मचारी पहचान-पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना चाहिए।

Post-qualification experience certificate/s from previous employer to current employer. The joining/appointment letter and relieving letter (wherever applicable) needs to be attached to determine the number of years of post-qualification experience. Where current Employment experience certificate is not produced the joining/appointment letter, first and latest pay slip and employee ID proof should be compulsorily attached to determine the number of years of experience.

vii. यदि अभ्यर्थी पीएसयू/सरकारी संगठनों में काम करते हैं तो उन्हें आवेदन या साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत करना होगा।

Candidates if working in PSUs/Govt. organizations should compulsorily submit 'No Objection Certificate' at the time of application or interview.

viii. आवेदन शुल्क भुगतान रसीद।

Application fee payment receipt

ई-मेल/किसी अन्य माध्यम से भेजे गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। Application sent through e-mail / any other channel will not be considered.

जो आवेदन अपूर्ण हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं है या आवश्यक अनुलग्नकों के बिना है, को बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
Applications that are incomplete, not in the prescribed format or without the required enclosures, will summarily be rejected without assigning any reasons and no correspondence will be entertained in this regard.

अल्पसूचित किए गए अभ्यर्थियों को चयन की तिथि, समय और स्थल की सूचना केवल ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी। आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा प्रदान किए गए अवैध ई-मेल आईडी के कारण किसी भी ई-मेल के बाउंस के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं है।
The dates of the selections, timing and venue will be intimated to the shortlisted candidates through e-mail only. BEL will not be responsible for bouncing of any emails due to invalid e-mail IDs provided by the candidates in the application form.

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनों डाक द्वारा (केवल सील किए गए ए-4 आकार के लिफाफे में) भेजे जाना चाहिए-लिफ़ाफ़े पर **"रणनीतिक संचार एसबीयू के लिए परियोजना अभियंता के पद के लिए आवेदन।"** लिखा होना चाहिए और **उप प्रबंधक (मा.सं./एससी व यूएस एसबीयू), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, जालहल्ली पोस्ट, बेंगलुरु-560013** पर भेजने होंगे।
Applications complete in all respects should be sent by post (sealed envelope-A4 size only) – Super-scribed for the post, **"Application for the post of Project Engineer for Strategic**

**Communication SBU"** and sent to below mentioned address: **The Deputy Manager (HR/SC&US SBU), Bharat Electronics Ltd, Jalahalli post, Bengaluru –560013.**

**आवेदन केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिए गए पते पर दिनांक 16/06/2026 को या उससे पहले पहुंचना चाहिए,** अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा, ऐसे आवेदन जो अपूर्ण हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं हैं, पात्र नहीं हैं, बिना आवश्यक अनुलग्नकों के है, को बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। बीईएल किसी भी कारण से डाक पारगमन में देरी या हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

**The application should reach the given address on or before 16/06/2026 through Speed post only**, any applications received after the closing date will not be considered, applications that are incomplete, not in the prescribed format, not eligible, without the required enclosures will be summarily rejected without assigning reasons and no correspondence in this regard will be entertained. BEL shall not be liable for any delay or loss in postal transit for any reason whatsoever.

8) **आवेदन शुल्क / Application fee:-**

| पद / Post | आवेदन शुल्क / Application fee | छुट / Exemption |
|---|---|---|
| परियोजना अभियंता Project Engineer | रु. 472/- | अनुसूचीथ जाति/अनुसूचीथ जनजाति/पीडबल्युबीडी वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है। Candidates belonging to SC/ST/PwBD category are exempted from payment of application fee. |

आवेदन शुल्क एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से (ऑनलाइन माध्यम से) जमा किया जाएगा। नीचे दिए गए भुगतान लिंक या बीईएल वेबसाइट में उपलब्ध लिंक पर क्लिक करें और PSU-Public Sector Undertaking→Bharat Electronics Limited → भुगतान वर्ग पर चयन करें -

The application fee should be remitted through SBI Collect (through online mode). Click on the Link available in BEL Website and select PSU-Pubic Sector Undertaking→ Bharat Electronics Ltd →under the Payment Category select the following:

**Recruitment of Project Engineer-I-SC SBU**

**एसबीआई लिंक / SBI Link:**

**https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=14842**

- अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विवरण को ध्यान से पढ़ें और भुगतान का स्क्रीनशॉट लें।
  Candidates are requested to read the details and take screenshots after making the payment.
- उम्मीदवार एसबीआई शाखा में जाकर भी भुगतान कर सकते हैं। ऑनलाइन भुगतान करते समय 'भुगतान' के विकल्प के रूप मेंएसबीआई शाखा का चुनाव करना है और एसबीआई कलेक्टके माध्यम से पहले से प्रिंटेड चालान को डौन्लोड करना है इसके बाद एसबीआई शाखा मेंआवेदन शुल्क (जो भी लागू हो) एवं बैंक प्रभार जमाकरना है। उम्मीदवार को उनकी चालान पर बैंक अधिकारी की सील और हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करना होगा।
  Candidates can also make the payment by approaching SBI branch. You have to select SBI branch in the payment option and download pre-printed challan generated through SBI Collect and deposit the application fee (as applicable) plus applicable bank charges in any SBI Branch. The candidates should ensure to obtain the seal and signature of the bank official on the challan.
- अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में, भुगतान के बाद सृजित **"एसबीआई कलेक्ट संदर्भ संख्या"** दर्ज करना होगा ।

Candidates have to enter the "SBI Collect reference No." generated after payment, in the Application Form.

- अभ्यर्थी आवेदन शुल्क जमा करने से पहले सभी निर्देशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढें। आवेदन जमा होने पर भुगतान अप्रदेय होगा ।
  Candidates may go through all instructions and eligibility criteria carefully before remitting Application Fee and submitting the application. Fee once paid will not be refunded.
- अभ्यर्थियों को भुगतान रसीद का प्रिंट आउट लेना होगा और उसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा।
  Candidates have to take a print of the payment receipt and have to attach it with the application form.
- नोट-एसबीआई के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करते समय, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे उसी मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उल्लेख एसबीआई के संग्रह में करते हैं जो कि उन्होंने आवेदन पत्र में उल्लेख किया है।
  Note: While paying application fees through SBI collect, candidates should ensure that they mention the same mobile number and email id in SBI collect as it has been mentioned by them in the application form.

**9) <u>सामान्य / General:</u>**

a) वर्तमान में बीईएल में कार्यरत परियोजना अभियंता, परियोजना अभियंता के पद के लिए पात्र नहीं होंगे। यदि वे आवेदन करते हैं, तो बिना कोई कारण बताए आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।
Project Engineers who are presently working in BEL will not be eligible for the Post of Project Engineer. If applied, the application will be summarily rejected without assigning any reasons.

b) आयु, योग्यता, लिखित परीक्षा में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत आदि में छूट विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार संबंधित श्रेणी में संबंधित विषय में रिक्ति के अधीन दी जाएगी। किसी विशेष विषय के लिए श्रेणी/जाति आधारित पदों में रिक्ति के अभाव में, उस श्रेणी के अभ्यर्थी जो आवेदन करते हैं को अनारक्षित मानदंड के समतुल्य माना जाएगा।
Relaxation in age, qualification, minimum percentage of marks in written test etc., will be provided subject to vacancy in respective category in that particular discipline as detailed in the advertisement. In absence of vacancy in category/ caste based posts for a particular discipline, category candidates who apply will be treated at par with UR Criteria.

c) केवल भारतीय नागरिक आवेदन करें ।
Only Indian nationals need to apply.

d) कंपनी की आवश्यकता के आधार पर तैनाती की जाएगी। ऊपर दर्शाए गए पद चयन के समय की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर परिवर्तन हो सकते हैं।
The postings will be done based on the Company's requirement. The posts indicated above may vary based on the actual requirement at the time of selection.

e) जिन अभ्यर्थियों के डिग्री प्रमाण-पत्र में उल्लिखित विशेषज्ञता आवेदन में उल्लिखित शाखा से मेल नहीं होता है, उनको चयन के लिए योग्य नहीं माना जाएगा।
Candidates whose specialization mentioned in the degree certificate does not tally with the branch mentioned in the application will not be considered for selection.

f) प्रवेश पत्र में लिखित परीक्षा के लिए वास्तविक तिथि और समय की सूचना दी जाएगी। अभ्यर्थियों के पास कम से कम एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है जिसे आवेदन पत्र में दर्ज किया जाना है। लिखित परीक्षा/साक्षात्कार से संबंधित सूचना केवल प्रस्तुत किए गए ई-मेल आईडी पर ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी और बीईएल की वेबसाइट में भी प्रकाशित की जाएगी।

The exact date and time shall be communicated in the Admit Card for Written Test. Candidates are required to possess at least one valid e-mail Id which is to be entered in the application form. Information pertaining to the Written Test/ Interview will be sent by e-mail only to the e-mail Id that is furnished in the application form and also will be published in the BEL Website.

g) फॉर्म में दिए गए सभी विवरणों को अंतिम माना जाएगा और किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।
All details given in the form will be treated as final and no changes will be entertained.

h) यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र में गलत सूचना दी है तो बीईएल चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण में उनकी अभ्यर्थिता को अयोग्य ठहराने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
In the event it is found that candidates have disclosed false information in the application form, BEL reserves the right to disqualify their candidature at any stage during the selection process.

i) कृपया यह नोट करें कि बनावटी/छद्म नाम/ईमेल आईडी के तहत आवेदन प्रस्तुत करना सख्त रूप से निषिद्ध है। ऐसी प्रथाओं का सहारा लेने वाला कोई भी अभ्यर्थी आईटी अधिनियम 2000 के प्रावधानों के तहत उचित कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।
It may please be noted that submission of application under fictitious/ pseudo names/ email IDs is strictly prohibited. Any candidate resorting to such practices will be liable for suitable action under the provisions of IT Act 2000.

j) अभ्यर्थियों के पास कम से कम एक वैध ई-मेल आईडी होनी आवश्यक है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कम से कम एक वर्ष के लिए अपनी ई-मेल आईडी सक्रिय रखें। एक बार ई-मेल आईडी दर्ज करने के बाद उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा। सूचना/संचार आदि प्राप्त करने और उसे डाउनलोड करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। ई-मेल बाउंस के लिए, अवैध ई-मेल आईडी के कारण ई-मेल प्राप्त न करने, अभ्यर्थी द्वारा अपनाए गए विकल्पों की सेटिंग करने आदि के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगी और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
Candidates are required to possess at least one valid e-mail ID. Candidates are advised to keep the email ID active for at least one year. No change in the email ID will be allowed once entered. All correspondence with candidates shall be done through email only. Responsibilities of receiving and downloading of information/ communications etc. will be of the candidate. BEL will not responsible for bouncing of e-mails, non-receipt of e-mails due to invalid e-mail IDs, setting options exercised by the candidate, etc. and no correspondence in this regard will be entertained

k) डाक पते / ईमेल आईडी / श्रेणी / पद में परिवर्तन का अनुरोध जैसा कि आवेदन में घोषित किया गया है, को स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार आवेदन में घोषित किए जाने के बाद श्रेणी में परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।
Request for change of Mailing address/ email ID/ category/ posts as declared in the application will not be entertained. Request for change of category once declared in the application will not be entertained.

l) किसी भी चरण में चयन न होने पर किसी भी अभ्यर्थी को अलग से सूचना नहीं दी जाएगी।
There will be no separate communication to any candidates on their non-selection at any stage.

m) कार्य की अत्यावश्यकता के आधार पर अभ्यर्थियों को अन्य परियोजनाओं/बाहरी स्थलों पर कार्य करने के लिए भी तैनात किया जाएगा।
Candidates may also be deployed to work on other projects / outstation sites, based on exigencies of work.

n) उपर्युक्त विज्ञापन का कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, समय विस्तारण आदि बीईएल वेबसाइट www.bel-india.in के करियर खंड पर उपलब्ध होंगे और प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतित रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।
Any revision, clarification, addendum, corrigendum, time extension, etc. to the above advertisement will be hosted on "Careers" section of BEL Website: www.bel-india.in only and no separate notification shall be issued in the press. Candidates are requested to visit the website regularly to keep themselves updated.

o) आवेदनों की स्क्रीनिंग अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में घोषित सूचना के आधार पर की जाएगी। यदि चयन के किसी अन्य चरण में, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने अपने योग्यता-पत्रों के संबंध में झूठी सूचना घोषित की है, तो बीईएल चयन के किसी भी चरण में उन्हें रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
Screening of applications will be carried out purely based on the information declared by candidates in the application form. If at any further stage of selection, it is found that candidates have declared false information w.r.t. their credentials, BEL reserves the right to debar them at any stage of selection.

p) अभ्यर्थी की पात्रता से संबंधित सभी मामलों में बीईएल का निर्णय, वे जिन चरण पर पात्रता संबंधी इस तरह की जांच की जानी है, योग्यताएं और अन्य पात्रता मानदंड अभ्यर्थी पर अंतिम और बाध्यकारी होंगे।
Decision of BEL in all matters regarding eligibility of the candidate, the stages at which such scrutiny of eligibility is to be undertaken, qualifications and other eligibility norms will be final and binding on the candidate.

q) सहायक दस्तावेजों के बिना दर्शाए गए कार्य अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी पूर्व सूचना के उसे अस्वीकार / रद्द किया जा सकता है।
Work experience indicated without the supporting documents will not be considered and is liable to be rejected / cancelled without any prior intimation.

r) किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करना अयोग्यता का परिणाम होगा। बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को निष्कासित/अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।
Canvassing in any form will result in disqualification. BEL reserves the right to debar / disqualify any candidate at any stage of the selection process for any reason whatsoever.

s) यदि अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के किसी भी संस्करण में खंडों की अर्थनिर्वचन के कारण विवाद उत्पन्न होता है, तो बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण ही प्रचलित रहेगा।
In case any dispute arises on account of interpretation of clauses in any version of this advertisement other than English, the English version available on BEL website shall prevail.

t) भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद, बेंगलूरु में स्थित न्यायालयों के एकल अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा ।
Any resulting dispute arising out of this advertisement including the recruitment process shall be subject to the sole jurisdiction of the Courts situated at Bengaluru.

u) अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित चिकित्सा फिटनेस मानकों के अनुसार कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा 'चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ' पाए जाने की शर्त पर होगी। चयन पर रिपोर्ट करने के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थी को सिविल सर्जन/सहायक सिविल सर्जन द्वारा अपनी चिकित्सा जांच करानी होगी और कंपनी की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सा रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।
Appointment of the provisionally selected candidate will be subject to being found 'Medically Fit' by the Company's medical authorities as per the medical fitness standards laid down by the Company. The candidate who is called to report on selection should get

himself/herself medically examined by a Civil Surgeon/Asst. Civil Surgeon and submit the medical report as per the requirement of the Company.

v) यदि किसी आवेदक ने अतीत में अपने नियोक्ता के साथ मुकदमेबाजी की है तो उसका उल्लेख संक्षेप में स्पष्ट रूप से किया जाए।

In the event any applicant has litigated with his/ her employer in the past, the same should be clearly mentioned in brief.

w) यदि अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए अल्पसूचित/चुना गया है, चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण में दिनांक/समय/स्थल में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

If candidate shortlisted/selected for the written test/Interview no changes to date/time/venue will be entertained at any point in time during the selection process.

**अस्वीकरण / Disclaimer**

केवल योग्यता और अनुभव की न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने से अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को अयोग्य ठहराने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई सूचना जारी किए या कोई कारण बताए बिना भर्ती या चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तारित/संशोधित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा घोषित सूचना के आधार पर अल्पसूचित अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी। यदि चयन के किसी अन्य चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने अपने प्रत्यय-पत्रों के संबंध में झूठी सूचना घोषित की है, तो बीईएल चयन के किसी भी चरण में उन्हें निष्कासित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

Merely fulfilling the minimum requirement of qualification and experience will not vest any right on the candidates to be called for the Interview/Written Test. BEL reserves the right to debar/disqualify any candidate at any stage of the selection process for any reason whatsoever and also reserves the right to cancel / restrict / enlarge / modify or alter the recruitment or selection process, if need so arise without issuing any further notice or assigning any reason thereafter. Short listing of candidates will be carried out purely based on the information declared by candidates in the application form. If at any further stage of selection, it is found that candidates have declared false information w.r.t. their credentials, BEL reserves the right to debar them at any stage of selection.

बीईएल की एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूरी तरह से अभ्यर्थी की योग्यता पर आधारित है। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई अन्य शुल्क नहीं लेती है या धनराशि जमा करने का अनुरोध नहीं करती है। हम नौकरी तलाशने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के एवज में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संवाद से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी वाले कार्यों से होने वाले किसी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं है। बीईएल को ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार है। बीईएल ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार रखता है।

BEL has a robust and transparent recruitment process where the selection criteria are purely based on merit of the candidate. BEL does not demand or charge any fee or request for money deposits at any stage of the recruitment process other than the application fee

mentioned in this advertisement. We urge job seekers not to be misled by any communication made by fraudsters purporting to be representatives of our Company and demanding payment in lieu of employment in BEL. The Company is not liable for any loss that may ensue from such fraudulent actions. BEL reserves its right to take legal action including criminal action against such fraudsters.

किसी भी जानकारी के लिए, आप हमसे 080-22197692/hr_scus@bel.co.in पर संपर्क कर सकते हैं।
For any queries, you can reach out to us at 080-22197692/ hr_scus@bel.co.in